# तरंग

## बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल, भोपाल का मासिक ई-न्यूज़लेटर

### माह मार्च 2024

### वार्षिक स्नेह सम्मेलन "विहान" 2024 एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सफल आयोजन : निराला जयंती, बसंत पंचमी, डिजी लॉकर प्रशिक्षण सहित

माह फरवरी 2024 इस महाविद्यालय के लिए बहुत उपलब्धियों वाला माह रहा। माह के प्रारंभ में IQAC द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर चाणक्य विश्वविद्यालय बैगलुरू का व्याख्यान आयोजित किया तथा महाविद्यालय की प्रो. प्रतिभा डेहरिया द्वारा सीहोर में आयोजित उच्च शिक्षा के शिक्षक, कर्मचारियों की बेडमिंटन संभाग प्रतियोगिता में सहभागिता की। इसी माह में श्रीजी अनुषा शिक्षण समिति एवं राज्य शिक्षा सम्मान द्वारा करूणा नारी सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय की 30 छात्राओं ने डॉ. समता जैन और प्रो. आरती पटेल के मार्गदर्शन में सहभागिता की। महाविद्यालय में 8 फरवरी को उच्च शिक्षा विभाग रूसा द्वारा डिजीटल ट्रेनिंग डिवाईस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया तथा 15 फरवरी को प्राणीशास्त्र द्वारा मेंकिंग एण्ड मैनटिनेस एक्युवेरियम संबंधी सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किया गया तथा 14 फरवरी बसंत फरवरी के अवसर पर महाविद्यालय द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। 19 फरवरी को सत्र 2018–19, 2019–20 एवं 2021–22 की युवा संसद के 74 प्रतिभागियों को बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा युवा संसद के विजयी प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया

जिसमें सर्वप्रथम मुख्य अतिथि पद्मश्री एवं माधव राव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान के संस्थापक श्री विजय श्रीधर जी का प्राचार्य डा संजय जैन एवं विशेष अतिथि मानव अधिकार आयोग के रजिस्ट्रार माननीय श्री नवनीत गोधा जी का विभागाध्यक्ष डा गरिमा जाऊलकर ने शाल श्रीफल एवं पौधा गमला से स्वागत एवं सम्मान किया। 21 फरवरी को माह प्राण निराला जयंती पर हिन्दी विभाग द्वारा साहित्य कार्यक्रम आयोजित किया। इसी माह 27 एवं 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस एवं 29 फरवरी से वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'विहान' 2024 प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर अपने वार्षिक प्रतिवेदन में प्राचार्य ने बताया कि सत्र 2023–24 में कुल 2515 नियमित छात्र–छात्राओं ने प्रवेश लिया सत्र के प्रारंभ होने से पूर्व माह जून 2023 में नये शैक्षणिक सत्र के सुचारू संचालन हेतु स्टाफ की बैठक आयोजित कर एक रणनीति तैयार की गई और इसी माह में 2 जून को पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री बाबूलाल जी गौर की जयंती का आयोजन जनभागीदारी अध्यक्ष श्री बारेलाल जी अहिरवार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जून माह में ही विश्व पर्यावरण दिवस आयोजित किया एवं विश्व योग दिवस का आयोजन क्रीड़ा विभाग द्वारा उत्साह पूर्वक किया गया।

माह जुलाई में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रवेश प्रक्रिया तथा नियमित कक्षाओं का विधिवत संचालन किया गया तथा क्षेत्रीय विधायक म.प्र. शासन की राज्य मंत्री माननीय श्रीमती कृष्णा गौर को चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड मिलने पर उनसे छात्र–छात्राओं को प्रेरणा लेने हेतु जनभागीदारी द्वारा सम्मान कार्यक्रम एवं सेमिनार आयोजित किया गया। इस अवसर पर माननीय मंत्री महोदया ने अपने उद्‌बोधन में छात्र–छात्राओं को रचनात्मक कार्य करने की प्रेरणा दी।

माह अगस्त मतदाता जागरूकता अभियान, ई–लाइब्रेरी का उद्‌घाटन, वाणिज्य विभाग में पी.एचडी अवार्ड, मुख्यमंत्री जी के साथ महाविद्यालय परिवार द्वारा वृक्षारोपण, 'व्यक्तित्व विकास के विविध आयाम' विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार, एक माह के रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण के प्रारंभ और जनजातीय संग्रहालय में 'संवेग' कार्यक्रम के अंतर्गत सहभागिता के साथ सर्वाधिक उल्लेखनीय इस लिए रहा कि 21 अगस्त 2023 को मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा महाविद्यालय परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री बाबूलाल जी गौर की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण कर लोकार्पण किया।

माह सितम्बर में शिक्षक दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक एवं वर्तमान म.प्र.शासन की राज्यमंत्री माननीय श्रीमती कृष्णा गौर जी एवं अध्यक्ष जनभागीदारी श्री बारेलाल अहिरवार जी ने 'गुरूवे नमः' कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों का सम्मान किया। जन प्रतिनिधियों द्वारा किए गए इस सम्मान कार्यक्रम से छात्र–छात्राओं में अपने शिक्षकों के प्रति और अधिक आदर और सम्मान का भाव जाग्रत हुआ। इसी माह में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित राज्यस्तरीय निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर महाविद्यालय की सुश्री प्रियंका राठौर को उज्जैन में आयोजित समारोह में तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री एवं वर्तमान मे म.प्र.शासन के मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी के द्वारा सम्मानित किया गया। महाविद्यालय में 14 से 16 सितम्बर तक आयोजित युवा उत्सव का उद्‌घाटन उच्च शिक्षा के क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक डॉ. मथुरा प्रसाद जी एवं जनभागीदारी अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार जी के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

माह अक्टूबर में अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर वृद्ध जनों का सम्मान, 'नवलय' द्वारा गरबा पर कार्यशाला, मतदाता जागरूकता पर आधारित पोस्टर, फेस पेंटिग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जबकि माह नवम्बर में टूरिज्म क्लब एवं एम.एससी बॉटनी विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इसके साथ एन्टी पावर्टी डे, संविधान दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान हरसन द्वारा एन.एस.एस. के राष्ट्रीय एकता के शिविर में प्रतिनिधि के लिए चयन हुआ और वाणिज्य संकाय द्वारा फील्ड प्रोजेक्ट का मार्गदर्शन लिया गया।

माह दिसम्बर में विश्व एड्स दिवस, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस, भारतीय भाषा दिवस का आयोजन किया गया। केरियर गाईडेंस सेल द्वारा 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मेपकास्ट और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा गणित विभाग ने 'अनंत' तथा आंचलिक विज्ञान केन्द्र का शैक्षणिक भ्रमण का

आयोजन किया गया। इसी माह शिक्षक अभिभावक योजना के अंतर्गत Parent Teacher Meeting, College Chalo Abhiyan तथा कला और विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया।

माह जनवरी में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह, विश्व हिन्दी दिवस पर पोस्टर मेंकिग और कवि गोष्ठी, क्रीड़ा विभाग द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार और आयोध्या के मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में वृह्द, साफ–सफाई, निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता के आयोजन के साथ–साथ सर्वाधिक उल्लेखनीय 1 जनवरी से 21 जनवरी तक जनभागीदारी के तत्वावधान में एन.एस.एस., एन.सी.सी. और क्रीड़ा विभाग द्वारा Clean Campus Green Campus अभियान चलाकर महाविद्यालय परिसर में साफ–सफाई तथा हरा–भरा रखने का रचनात्मक प्रयास किया।

माह फरवरी में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा करूणा नारी सम्मान में सहभागिता की गई तथा सागर में आयोजित राज्यस्तरीय शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी प्रतियोगिता में प्रो. प्रतिभा डेहरिया ने टेबल टेनिस टीम में सहभागिता कर विजेता रही। विलासपुर में आयोजित नेशनल कांफ्रेंस में डॉ. समता जैन की सहभागिता रही। महाविद्यालय में युवा संसद के सत्र 2018–19, 2019–20 तथा 2021–22 के विजय प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरीत किए गए।

सत्र 2023–24 में महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग की सक्रियता से सर्वाधिक उल्लेखनीय है। इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने ताई कांडो, बेस बॉल, रस्सी कूद, बेस्ट फिजिक्स, एथलेटिक, शतरंज, क्रास कन्ट्री, क्रिकेट जैसी प्रतियोगिताओं में जिला स्तर, संभाग स्तर, राज्य स्तर विश्वविद्यालय स्तर तथा अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिताओं में सहभागिता की और उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के आगामी नैक मूल्यांकन हेतु IIQA अनुमोदित हो चुका है। 31 मार्च तक SSR प्रस्तुत किए जाने की प्रक्रिया प्रचलन में है। सब से अधिक उपलब्धी यह है इस महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं, कर्मचारी अधिकारियों, शिक्षकों द्वारा सौहारपूर्ण वातावरण में अपने दायित्व का निर्वहन म.प्र.शासन उच्च शिक्षा विभाग के अपेक्षा के अनुरूप किया जा रहा है।

## करूणा नारी का सम्मान कार्यक्रम




4.2.2024 करूणा नारी का सम्मान कार्यक्रम में महाविद्यालय की सहभागिता

# राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता









6.2.2024 शा. कन्या महाविद्यालय सीहोर में उच्च शिक्षा के शिक्षक/कर्मचारियों की संभागस्तरीय बेडमिंटन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की प्रो. प्रतिभा डेहरिया द्वारा सहभागिताI

---

# DigiLocker Registration हेतु प्रशिक्षण








8.2.2024 DigiLocker ABC Id से सम्बंधित B.Com. III Year के विद्यार्थियों को DigiLocker Registration हेतु प्रशिक्षण

# Digital Training Devices **विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण**










8.2.2024 उच्च शिक्षा विभाग रूसा द्वारा महाविद्यालय में Digital Training Devices विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

# बसंत पंचमी के अवसर पर ज्ञान की देवी मॉ सरस्वती का पूजन












14.2.2024 बसंत पंचमी के अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा ज्ञान की देवी मॉ सरस्वती का पूजन-अर्चन किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय जैन, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. खजवानिया, डॉ. चारूलता राठौड़, डॉ. नीलम चोपड़ा, डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ. अर्चना शर्मा सहित अन्य प्राध्यापकों ने भी मॉ वागीश्वरी को नमन किया। इस अवसर पर बी.कॉम. प्रथम वर्ष की छात्राओं- पूजा महाजन और मेघा ने सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर कार्यालयीन स्टाफ ने भी मॉ सरस्वती की पूजा-अर्चना की। वसंत पंचमी पर, ज्ञान के मंदिर में विद्या की देवी का आराधना अवसर के सुखद क्षण।

# युवा संसद के विजयी प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण समारोह














15.2.2024 भोपाल! "समाज सदैव अच्छे कार्यों का सम्मान अवश्य करता है, देर हो सकती पर अनदेखी नही होती", उक्त विचार वरिष्ठ पत्रकार एवं माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान के संस्थापक निदेशक पद्मश्री श्री विजयदत्त श्रीधर ने बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में युवा संसद के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित करते हुए व्यक्त किए।

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा युवा संसद के विजयी प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जिसमें सर्वप्रथम मुख्य अतिथि पद्मश्री श्री विजय श्रीधर जी का प्राचार्य डा संजय जैन एवं विशेष अतिथि मानव अधिकार आयोग के रजिस्ट्रार माननीय श्री नवनीत गोधा जी का विभागाध्यक्ष डा गरिमा जाऊलकर ने शाल श्रीफल एवं पौधा गमला से स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में श्रीधर जी ने कहा कि 'समाज सदैव अच्छे कार्यों सम्मान अवश्य करता है, देर हो सकती है पर अनदेखी नहीं होती, इसलिए युवाओं को प्रतिदिन निस्वार्थ भाव से कम से कम एक अच्छे कार्य करने की आदत डालना चाहिए', आपने महात्मा गाँधी, आचार्य बिनोबा भावे, जयप्रकाश नारायण के जीवन चरित्र के प्रसंगों का हवाला देते हुए युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने हेतु आव्हान किया। विशेष अतिथि माननीय श्री गोधा जी ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई देने के साथ सभी सहभागिता करने वाले प्रतिभागियों को भविष्य में विजयी होने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'मानव जीवन में सफलता से अधिक महत्व प्रयासों का होता हैं, इसलिए विद्यार्थी जीवन की सार्थकता रचनात्मक कार्यों से जुड़ने पर अधिक होती है' कार्यक्रम का संचालन करते हुए डा अनुपमा यादव ने बताया कि सत्र 2018-19, 2019-20 एवं 2021-22 की युवा संसद के 74 प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए है। 2018-19 मे महाविद्यालय ने विश्वविद्यालयीन/महाविद्यालयीन स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसमें 15000 की धनराशि शील्ड ट्रॉफी महाविद्यालय को प्रदान की गई 2019-20 में महाविद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 10 हज़ार की धन राशि एवं ट्रॉफी पुरस्कार रूप में प्राप्त की 2021-22 मे महाविद्यालय ने पुनः द्वितीय स्थान प्रतियोगिता में प्राप्त किया और 10,000 की धनराशि एवं ट्रॉफी प्राप्त की हैं। अंत मे आभार विभागाध्यक्ष डा गरिमा जाऊलकर ने व्यक्त किया।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत "चुनाव का पर्व देश का गर्व" विषय पर संगोष्ठी









21.2.2024 मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत महाविद्यालय में "चुनाव का पर्व देश का गर्व" विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता प्रिमांशु सिंह रिसर्च स्कॉलर बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा पीपीटी के द्वारा बताया गया कि वी वी पेड के उपयोग, फार्म 7 एवं 8 से रजिस्ट्रेशन ओर कुछ बदलाव करना हो तो इसके माध्यम से किया जा सकता है। सी विजिल एप द्वारा चुनाव में हो रही गड़बड़ियों की सूचना दे सकते है। know your candidate के द्वारा उम्मीदवार की शिक्षा, आपराधिक, प्रकरण, सम्पत्ति इत्यादि की जानकारी ज्ञात होती है। home postal सुविधा के बारे में बताया गया। जिसमें पीठासीन एवं बी एल ओ के माध्यम से 80 वर्ष से अधिक, गंभीर बीमारी, सेना में तैनात है। उनके लिए डाक मत की सुविधा दी गई है। कार्यक्रम में राम लखन, दीपक एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर राजनीतिक शास्त्र, श्रेया विश्वकर्मा बीए द्वितीय वर्ष ने भी अपने वक्तव्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह से हिस्सा लिया एवं अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया।

# राज्य स्तरीय शिक्षक अधिकारी कर्मचारी प्रतियोगिता






26.2.2024 राज्य स्तरीय शिक्षक अधिकारी कर्मचारी प्रतियोगिता में चयनित होने इस महाविद्यालय की प्रो. प्रतिभा डेहरिया सागर मे आयोजित राज्यस्तरीय बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सहभागिता करते हुए।

## नेशनल कांफ्रेंस




6th Annual National Conference
(25th-27th Feb 2024)

Paper presented
on

**GENDER EQUALITY AND SAMAGRA VIKAS:**
**A HOLISTIC APPROACH TO INCLUSIVE DEVELOPMENT**





26.2.2025 अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर में आयोजित नेशनल कांफ्रेंस में महाविद्यालय की डा. समता जैन अपना शोध पत्र प्रस्तुत करते हुए

## केरियर गाईडेंस मेला










27.2.2024 गीतांजली शासकीय कन्या महाविद्यालय भोपाल में आयोजित केरियर गाईडेंस मेले में महाविद्यालय की सहभागिता

# दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का शुभारंभ












बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भोपाल में मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद मैपकास्ट के सहयोग से दिनांक 27 फरवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का शुभारंभ प्राचार्य डॉ संजय जैन के द्वारा किया गया। इस वर्ष यह विज्ञान दिवस "विकसित भारत के लिए इंडीजीनस टेक्नोलॉजी" की थीम पर आधारित है। महाविद्यालय में विज्ञान आधारित रंगोली, फैंसी ड्रेस एवं बेकार से साकार प्रतियोगिताये आयोजित की गई। फैंसी ड्रेस कंपटीशन में विद्यार्थियों द्वारा शकुंतला देवी, आनंदीबाई जोशी, कैलकुलेटर आदि का प्रदर्शन किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम पायल ठाकुर, द्वितीय तुषार पांडे तृतीय रितिका राजपूत। बेकार से साकार प्रतियोगिता जिसमें छात्र छात्राओं ने अनुपयोगी वस्तु का उपयोग कर सकारात्मक वस्तुओं का प्रदर्शन किया इसने प्रथम रही संगीता सरकार, स्वीटी अहिरवार एवं तृतीय स्थान पर रही श्रिया विश्वकर्मा। रंगोली प्रतियोगिता में पादप कोशिका, तंत्रिका कोशिका, मस्तिष्क, स्वच्छ वातावरण, विज्ञान की उपयोगिता आदि संरचना बनायी। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अदिति प्रसाद, द्वितीय संगीता सरकार एवं तृतीय प्रियंका सेन ने प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री बारेलाल जी अहिरवार एवं प्राचार्य डॉ संजय जैन द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यार्थियों को विकसित भारत के लिए आधुनिक तकनीक की आवश्यकता एवं विभिन्न वैज्ञानिकों के योगदान के बारे में जानकारी डी मेक्स कंप्यूटर के डायरेक्टर डॉ सुशील शर्मा, ओरियंटल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च की डायरेक्टर डॉ सरिता करोले तथा डॉ श्वेता शर्मा कैरियर कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा दी गई। साइंस मॉडल प्रदर्शनी में शांतनु तिवारी, हिमांशु शुक्ला, मोहित कुल्हारे एवं अमूल्य बघेल द्वारा बनाया गया वायरलेस पावर ट्रांसफर प्रथम, विशाल चौहान एवं विशाल शर्मा का बनाया हुआ ट्रिग्नोमेट्री द्वितीय, आयुष अहिरवार, अयान खान, संजना कुशवाहा एवं काजल अहिरवार का बनाया हुआ सेंटर ऑफ ग्रेवीटी तृतीय तथा इशिता तिवारी एंड टीम के बनाये वोल्कानो को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। समापन समारोह का संचालन डॉ वर्षा चौहान मैडम एवं आभार व्यक्त कार्यक्रम प्रभारी डॉ कीर्ति श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापकों की सक्रिय भूमिका रही। विज्ञान के समस्त प्राध्यापकों की कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति रही।

**सौजन्य ई-न्यूज़लेटर समिति :** - **डॉ अनुपमा यादव (संयोजक)** - **डॉ कीर्ति श्रीवास्तव** - **डॉ इलारानी श्रीवास्तव** - **सुश्री आरती कैथल (कम्प्यूटर वर्क)**